## लोक अदालत

# बकायादारों ने संपत्तिकर व जलकर की बकाया राशि जमा कराकर अधिभार राशि में छूट का लाभ लिया



### निगम को 47 लाख की राशि बकाया के रूप में प्राप्त हुई 89 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

12-7-21

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 10 जुलाई शनिवार को एक दिवसीय नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) राशि में छूट का लाभ लिया।

नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय में आयोजित संपत्तिकर, जलकर शिविर के साथ आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार आयोजित किए गए शिविर का अवलोकन निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उपायुक्त विकास सोलंकी, प्रभारी कार्यपालन यंत्री सत्यप्रकाश आचार्य, एम.के. जैन, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह आदि के साथ कर बकाया राशि जमा करने व आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

आज नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय व जलकर काउन्टर के बाहर आयोजित शिविर व नगर निगम कार्यालय में बकायादारों ने 220 प्रकरणों के तहत संपत्तिकर के 35 लाख रुपए तथा 516 प्रकरणों के तहत जलप्रदाय के 12 लाख 14 हजार 8 सौ 40 रुपए कुल राशि 45 लाख 14 हजार 8 सौ 40 रुपए जमा कराकर अधिभार (सरचार्ज) की राशि में छूट का लाभ लिया।

आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अन्तर्गत रतलाम नगर के शेष रहे पात्र हितग्राहियों के अधिक से अधिक निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के तहत जिला न्यायालय परिसर में आयोजित विशेष शिविर में 89 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

12-7-2021



# निगम आयुक्त के निर्देशन में अर्जुन नगर भूमि का सीमांकन

12-7-21

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना की भूमि व शासकीय भूमि के सीमांकन का कार्य निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में कलेक्टर कार्यालय के राजस्व विभाग व निगम इंजीनियरों के द्वारा किया गया।

श्री झारिया ने मौके पर भूमि के नक्शे का अवलोकन कर सीमांकन का कार्य प्रारंभ करवाया साथ ही भूमि पर एकत्रित मिट्टी को समतलीकरण करवाने के साथ ही ईंट के भट्टे की अन्य सामग्री को हटवाया। उन्होंने निर्देशित किया कि सीमांकन का कार्य निरंतर जारी रखा जाये तथा पोल लगाने व ग्रीन नेट लगाने का कार्य प्रारंभ किया जाये पुरी तरह से सीमांकन के बाद तार फेंसिंग का कार्य किया जाये। ज्ञातव्य है कि दिसम्बर 2020 में अर्जुन नगर में नगर निगम विकास शाखा की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर भूमि को कब्जे में लेने की कार्यवाही निगम आयुक्त के निर्देशन मे की गई थी। उक्त भूमि 1982 में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना का हिस्सा है जिस पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर निगम द्वारा कब्जे में लिया गया था।

इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, एम.के. जैन, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री विकास मरकाम, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, राजस्व निरीक्षक मेहरबान सिंह, पटवारी अर्जुन सिंह आदि उपस्थित थे।

12-7-2021

### जामण-पाटली सहित अन्य स्थलों पर पहुंचे थे शहरवासी लेकिन पुलिस ने बिगाड़ा रविवार

# कोरोना से बचाव: पर्यटन स्थलों पर पुलिस का कड़ा पहरा, निराश होकर लौटे पर्यटक

पत्रिका अलर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. कोरोना पर पूरी तरह से काबू पाने के लिए प्रशासन ने पर्यटन स्थलों पर आमजन की आवाजाही को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है। यही कारण है कि रविवार को मौज मस्ती के लिए जामण पाटली सहित अन्य स्थानों पर पहुंचे पर्यटकों को निराश होकर वापस घर लौटना पड़ा। दरअसल रविवार सुबह से ही सभी पर्यटन स्थलों पर पुलिस ने अपना पहला लगा दिया था जिसके चलते यहां पर घूमने और मौज मस्ती के लिए आने वालों को रुकने नहीं दिया जा रहा था।

पर्यटन स्थलों पर लोगों की आवाजाही रोकने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने भी निर्देश जारी किए थे जिसका असर रविवार को पर्यटन स्थलों पर साफ तौर पर देखने को मिला। शहर के समीपस्थ जामण पाटिल पर मौज मस्ती के लिए लोगों ने पहुंचना शुरू ही किया था कि यहां पर पुलिस पहुंच गई और पानी में मौजूद लोगों के साथ ही आसपास पहाड़ियों पर जमा लोगों को घर जाने की हिदायत दी। पुलिस और प्रशासन की टीम द्वारा यहां पर लोगों को कोरोना संक्रमण का हवाला देकर घर भेजा जा रहा था जिसके चलते लोग निराश होकर वापस लौट गए।

## पहाड़ी पर हरियाली

जामण पाटली सहित अन्य सभी पिकनिक स्पॉट की पहाड़ियों पर हरियाली छा जाने से वह इकाई का आकर्षण का केंद्र बनी हुई है जिसे निहारने के लिए लोग यहां पहुंच रहे थे लेकिन कोरोना संक्रमण के खत्म नहीं होने के चलते पुलिस और होमगार्ड कर्मी यहां पर किसी को रुकने नहीं दे रहे थे सभी लोगों को घर जाने की हिदायत दी जा रही थी जिससे कि किसी भी स्थान पर भीड़ ना बढ़े। दरअसल यहां लोग परिवार व बच्चों को साथ लेकर आ रहे थे। भीड़ जमा होने से संक्रमण का खतरा बढ़ने का अंदेशा बना रहता है।

**सभी जगह प्रतिबंध**

## कलेक्टर के आदेश

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने 7 जुलाई को निर्देश जारी किए थे कि रतलाम जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त पिकनिक स्पॉट्स (नदी, झरना, डैम इत्यादि) पर सैलानियों का आवागमन पूर्णत प्रतिबंधित किया है। जिले में जामन पाटली, धोलावाड़ डैम, ईसरथुनी, बड़ा केदारेश्वर, सरवन रोड स्थित केदारेश्वर पर नदी एवं झरने चालू हो जाते हैं, जहां काफी संख्या में लोग परिवार सहित घूमने, पिकनिक मनाने आते हैं। नदी, झरने में नहाने के दौरान अचानक बहाव तेज होने के कारण हादसे की आशंका बनी रहती है।

पत्रिका 12-7-2021

## फोरलेन के डिवाइडर पर लगे पौधों की सुरक्षा करें

रतलाम | सज्जन मिल फोरलेन के डिवाइडर पर हरियाली बढ़ाने के लिए कुछ दिनों पहले पौधे लगाए थे। इसकी सुरक्षा नहीं होने से अब ये उखड़ने लगे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता हितेंद्र उपाध्याय ने बताया डिवाइडर पर लगे पौधों से हरियाली के साथ सौंदर्यीकरण भी बढ़ गया है। लेकिन रात में पशु भी इन्हें उखाड़ रहे हैं। इससे एक बार फिर क्षेत्र की हरियाली प्रभावित होने लगी है। इससे डिवाइडर पर लगाए पौधों की सुरक्षा की जाए ताकि हरियाली बनी रहे। उन्होंने नगर निगम से इसकी सुरक्षा करने की मांग की है।

## फोरलेन की दूसरी साइड भी बनी, जल्द राहत मिलेगी

रतलाम | दो बत्ती में फोरलेन की दूसरी साइड का भी निर्माण हो गया है व उम्मीद है कि इसके खुलने से वाहन चालकों को सहूलियत मिलेगी। फिलहाल ज्योति होटल की साइट से वाहनों की आवाजाही हो रही है।

दैनिक भास्कर
12-7-2021

**धीमी चाल** | **79 प्रतिशत के साथ इंदौर अव्वल, उज्जैन, देवास, मंदसौर भी टाप टेन में शामिल**

# आयुष्मान कार्ड बनाने में रतलाम प्रदेश में 13वें स्थान पर

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** आयुष्मान भारत निरामय योजना में रतलाम जिले में अब तक 58 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बने हैं। पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने में रतलाम प्रदेश में 13वें स्थान पर है, जबकि इंदौर 79 प्रतिशत कार्ड बनाकर प्रदेश में अव्वल है। इनके अलावा गुना, जबलपुर, मंदसौर, भोपाल, डिंडौरी, नरसिंहपुर, उज्जैन, ग्वालियर और देवास टाप टेन में स्थान बनाने में सफल रहे। इन सभी जिलों में 59 प्रतिशत कार्ड जारी हो चुके हैं, जबकि दस जिले ऐसे भी हैं जहां अब 39 प्रतिशत तक काम हुआ है।

प्रदेश स्तर पर हुई समीक्षा के दौरान तैयार यह सूची तैयार की गई है। वर्ष 2011 की जनगणना के मान से जिले की 1455069 आबादी में 946738 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य है। इसके विरुद्ध अब तक 546259 कार्ड बनाए गए हैं। प्रदेश स्तर से रैंकिंग जारी होने के बाद कलेक्टर भी जिला स्तर पर सोमवार को आयुष्मान कार्ड को लेकर समीक्षा करेंगे।

मालूम हो कि जिले में पिछले साल दिसंबर माह से आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान भी चला, लेकिन स्थिति में मामूली अंतर ही आया है। जिला अस्पताल में भी नए कार्ड बनाने का काम चल रहा है। इसके लिए अलग से टीम तैनात है। जिला अस्पताल के शासन द्वारा अधिकृत संचालित कामन सर्विस सेंटर व लोक सेवा केंद्रों में भी कार्ड बन रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा.प्रभाकर ननावरे बताया कि प्रदेश स्तर पर स्थिति में सुधार हुआ है। आयुष्मान कार्ड बनाने का काम तेज करने लगातार प्रयास हो रहे हैं।

### पात्र हितग्राही के लिए यह जरूरी

- सामाजिक आर्थिक एवं जातीय जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार गरीबी रेखा के नीचे आने वाले परिवार।
- मुख्यमंत्री संबल योजना में लाभार्थी परिवार।
- मुख्यमंत्री खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत पर्ची धारक लाभार्थी परिवार।

**आवश्यक दस्तावेज**

- समग्र आइडी की छाया प्रति।
- आधारकार्ड की छाया प्रति।
- अगर बच्चा पांच साल के कम उम्र का है तो जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रति।

### ऐसे मिलेगा का कार्ड से लाभ

आयुष्मान भारत निरामय योजना का कार्ड बनवाकर 24 तरह की जटिल बीमारियां जिनमें गुर्दा प्रत्यारोपण, डायलिसिस एवं एंजियो प्लास्टी सहित 1582 बीमारियों का निशुल्क उपचार शामिल है।

नईदुनिया
12-7-2021

# कान्वेंट स्कूल तिराहे पर जमीन के लिए एसबीआइ के जवाब का इंतजार

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** सैलाना बस स्टैंड से कान्वेंट स्कूल तिराहे तक फोरलेन निर्माण के पहले चरण में दो बत्ती चौराहे तक काम पूरा होने के बाद अब आगे का निर्माण तेजी से हो रहा है। दो बत्ती से सज्जनसिंह प्रतिमा तक काम पूरा होने को है। इसके बाद लोकेंद्र भवन मार्ग पर काम शुरू होगा।

सिटी फोरलेन के दूसरे छोर पर कान्वेंट स्कूल तिराहे पर जगह की कमी से काम अटक सकता है। एक नवंबर 2019 को काम प्रारंभ होने के बाद से नगर निगम प्रशासन द्वारा इस छोर पर जमीन लेने के लिए स्टेट बैंक आफ इंडिया प्रबंधन और निजी भवन स्वामियों से भी चर्चा कर रहा है। राजस्व अमले से भूमि की नपती भी करवाई गई। गत माह नगर निगम ने एसबीआइ को पत्र लिख चार मीटर जमीन मांगी है, इसके एवज में आंबेडकर मांगलिक भवन वाले हिस्से में निगम जमीन देने को तैयार है। अब बैंक का जवाब आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। एसबीआइ का स्थानीय प्रबंधन इस मामले में मुख्यालय से दिशा-निर्देश ले रहा है।

**14.5 मीटर की जरूरत, मास्टर प्लान में 18**

मालूम हो कि इस मार्ग को मास्टर प्लान में 18 मीटर चौड़ाई के लिए प्रस्तावित किया है। लोकेंद्र भवन मार्ग पर लोकेंद्र भवन के बाद कान्वेंट स्कूल की ओर जाने पर सड़क संकरी हो जाती है। यहां एसबीआइ के आवासीय परिसर के सामने वाले हिस्से में निजी आवासों की जमीन भी फोरलेन के लिए लेने की तैयारी की गई थी, लेकिन बात नहीं बनी। अभी कान्वेंट तिराहे पर 10.25 मीटर जगह है जिसे एसबीआइ से 4 मीटर जमीन लेने के बाद 14.5 मीटर में सड़क बनाई जाएगी।

**बांसवाड़ा से इंदौर मार्ग तक फोरलेन हो जाएगी**

इससे पहले सालाखेड़ी से जावरा रोड अंडरब्रिज तक करीब छह किमी व सैलाना बस स्टैंड से आरो आश्रम (सैलाना रोड) तक करीब तीन किमी फोरलेन बन चुका है। बीच के हिस्से में सैलाना बस स्टैंड से कान्वेंट तिराहे तक करीब 1.7 किमी लंबी सीसी फोरलेन बनने के बाद बांसवाड़ा (राजस्थान) मार्ग से इंदौर फोरलेन तक शहर में आंतरिक फोरलेन से आवाजाही से वाहन चालकों को सुविधा होगी।

> स्टेट बैंक प्रबंधन को चार मीटर जमीन के लिए पत्र लिखा है। प्रयास पूरे हैं कि जमीन मिल जाए। यदि तिराहे पर सड़क संकरी रह गई तो शहरवासियों को सिटी फोरलेन का पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा।
>
> **-सोमनाथ झारिया, आयुक्त, नगर निगम**



कान्वेंट तिराहा, जहां सिटी फोरलेन के लिए जमीन कम पड़ रही है। • नईदुनिया

नई दुनिया
12-7-2021

12-6-21

**अब तक इंतजार आवास का**

# आशियानों का इंतजार...जिलेभर में एक हजार पीएम आवास की नींव भी नहीं रखी

पत्रिका डेटा डिकोडेड

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** जिले में 1042 हजार पीएम आवास ऐसे है जहां अब तक नींव भी नहीं पड़ी है। अब तक ग्रामीण कभी जनपद तो कभी जिला पंचायत के चक्कर काटते है। इनमे से कुछ के लिए पहली किश्त की राशि तो मंजूर हो गई, लेकिन अब तक अन्य राशि मंजूर होने का इंतजार है। यह वो लोग है जिनको प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत में चयनीत किया गया था। इनके अलावा करीब 9 हजार पीएम आवास वर्षों से अधूर है।

हाल ही में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने विभिन्न विभागों की समीक्षा करके यह निर्माण की गति कमजोर होने पर नाराजी जाहीर की है। इसके बाद अब पीएम आवास में किश्त का इंतजार करने वालों को भी उम्मीद बंधी है कि उनके आवास की समीक्षा हो व उनको आवास मिले। बता दे कि जब से पीएम आवास योजना शुरू हुई तब से अब तक 52407 पीएम आवास मंजूर किए गए, लेकिन पूरे मात्र 43421 ही हुए है। ऐसे में करीब 9 हजार पीएम आवास अब तक अधूरे है।

## इनको है पहली के बाद अन्य किस्त का इंतजार

| जनपद | टारगेट | पहली किश्त |
|---|---|---|
| आलोट | 9976 | 9879 |
| बाजना | 15694 | 15604 |
| जावरा | 3892 | 3803 |
| पिपलोदा | 3541 | 3473 |
| रतलाम | 6189 | 5555 |
| सैलाना | 13115 | 13071 |
| **कुल** | **52407** | **51365** |

> यह सही है कि पीएम आवास का काम थोड़ा धीरे चला है। अब एक एक जनपद की समीक्षा कर रहे है। इसके बाद जो दोषी है उसको दंड दे रहे है। हमारा लक्ष्य है अब तेजी से काम हो व आवास जल्दी से पूरे हो। - **मीनाक्षीसिंह**, सीईओ, जिला पंचायत

पत्रिका
12-7-2021

# खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 8 व्यक्तियों पर जुर्माना

**रतलाम।** कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 10 जुलाई को 8 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल द्वारा खुले में गंदगी करने पर अंसारी कृषि उपज मण्डी पर 3000, राठौर रेस्टोरेंट कृषि उपज मण्डी पर 2000, राज कार डेकोर महू रोड़ पर 1000, रामप्रसाद, रेखाबाई, अमरसिंह, भगवानजी, गीताबाई चांदनी चौक पर 100-100 रूपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

12-7-2021


## 8 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम ● नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 8 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। स्पॉट फाईन दल द्वारा

निगम के सातवें सर्वे में हुआ खुलासा....

# शहर के पुराने बाजार नित्यानंद मार्केट की 53 में से 7 दुकान पर अवैध कब्जे

पत्रिका
सिटी
हैपनिंग



पत्रिका न्यूज नेटवर्क 12-6-21
patrika.com

**रतलाम.** नगर निगम द्वारा बनाए गए शहर के सबसे पुराने बाजार नित्यानंद मार्केट की 53 में से 7 दुकानों पर देखरेख के अभाव में अवैध कब्जे होने के बाद अब निगम के दल ने इनको खाली कराने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। दल के सदस्य इन दुकानों पर पहुंचे व जिन दुकानों के नंबर निगम के रिकॉर्ड अनुसार निगम की संपत्ती है, उन पर अपने स्वामीत्व का नोटिस चस्पा किया है।

असल में गुरुवार को निगम के राजस्व विभाग के दल ने नित्यानंद मार्केट में जाकर सर्वे किया था। इन सर्वे में इस बात की जानकारी निगम के दल को मिली थी की जो दुकानें उनके रिकार्ड में रिक्त है, उसपर कतिपय लोगों ने कब्जे कर लिए है व कारोबार कर रहे है। निगम हर साल शहर की अपनी संपत्ती का सर्वे करता है। इसी प्रकार के सर्वे में यह खुलासा हुआ था की इस मार्केट की 53 दुकानों में से 7 पर अवैध कब्जे हो गए है। निगम के रिकार्ड के अनुसार दुकान नंबर 14, 20, 21, 22, 32, 34व 36 रिक्त है। जो दुकान निगम के रिकार्ड के अनुसार रिक्त है, उसी में अवैध कब्जे पाए गए। इसके बाद यहां पर दस्तावेज चस्पा दोपहर में किए गए।

नित्यानंद मार्केट में कुल 53 दुकान है जिसमे से 7 में अवैध कब्जे होना पाया गया था। इसके बाद यहां पर कागज चस्पा किया है। अब पूरे शहर की संपत्ती पर सर्वे किया जाएगा। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका
12-7-2021

# 133 दिन में 60+ के 38 प्रतिशत बुजुर्गों को लगे टीके जबकि 103 दिन में ही 45+ के 40% लोगों का हुआ टीकाकरण

## युवाओं में दिखा सबसे ज्यादा उत्साह... सिर्फ 67 दिन में 25% ने करा लिया वैक्सीनेशन

### दूसरा डोज 84 दिन में इसलिए 4.15% को लगे दो डोज, 441 हेल्थवर्कर्स ने नहीं लगवाए टीके

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-7-21

वैक्सीनेशन को लेकर जिले में युवाओं का जबरदस्त उत्साह नजर आया है। सिर्फ 67 दिन में 1.76 लाख युवा टीके लगवा चुके हैं जो युवाओं की आबादी का 25% है। इधर, सबसे पहले बुजुर्गों का टीकाकरण शुरू हुआ था लेकिन वे अभी 45+ के लोगों से भी पीछे हैं। फ्रंटलाइन वर्कर इकलौता ऐसा वर्ग है जो अभी 100% वैक्सीनेटेड हो चुका है।

युवाओं का वैक्सीनेशन 5 मई से शुरू हो गया था। स्लॉट बुकिंग से उत्साह साफ नजर आ रहा था इसका असर भी दिखा है। अब तक जिले में 1.76 लाख लोगों को वैक्सीन लग गई है। जबकि इस वर्ग के 7.17 लाख लोगों को टीके लगना है, इस मान से 25% लोगों को टीका लग गया है, इसमें भी सबसे ज्यादा लोग शहरी क्षेत्र के हैं। सबसे पहले 1 मार्च से 60+ के लोगों को वैक्सीन लगाने की शुरुआत हुई थी इस वर्ग के लोग अब तक केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। 1.39 लाख बुजुर्गों को वैक्सीन लगना है लेकिन अब तक 53,889 बुजुर्ग ही केंद्रों तक पहुंच सके हैं जो 38.64% ही हैं। 21,120 बजुर्गों को वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके हैं।

### 45+ के लोग अब भी केंद्र पर कम आ रहे, स्कीम भी दी

बुजुर्गों से ज्यादा 45+ के लोगों ने वैक्सीन लगवा ली है। फिर भी इस वर्ग में 40.27% लोगों को ही टीके लगे हैं। जबकि इससे ज्यादा लगने थे। 45+ के लोगों को केंद्र तक लाने के लिए वन प्लस वन स्कीम से युवाओं का सहारा भी लिया था इसका असर भी हुआ। 45+ के 2.44 लाख लोगों को वैक्सीन लगना है, इसमें 98,418 लोगों को टीके लग चुके हैं।

**दूसरा डोज बड़ी चुनौती :** कोविशील्ड का दूसरा डोज बड़ी चुनौती है। नंबर 84 दिन बाद आएगा, इस कारण 4.15% युवाओं को ही दूसरे डोज के टीके लगे हैं। 94.64% हेल्थकेयर वर्कर को ही वैक्सीन लगी है, इनमें कुछ लोगों ने वैक्सीन नहीं लगवाई है, वहीं गर्भवती, बीमार के मामले भी शामिल हैं। 100% फ्रंटलाइन वर्कर अपना पहला डोज लगवा चुके हैं।

**आज और कल नहीं होगा टीकाकरण :** जिले में वैक्सीन की कमी दोबारा बनी है। स्टॉक नहीं है। ऐसे में सोमवार को टीकाकरण नहीं किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया 13 जुलाई को नियमित टीकाकरण सत्र होने वैक्सीनेशन नहीं होगा। स[illegible] बुधवार को सत्र लग[illegible]

दै. भास्कर 12-7-2021

# जुलाई में चौथी बार एक भी नया पाजिटिव नहीं

रतलाम। जिले में रविवार को एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आया। एक मरीज को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 14 है।

जुलाई माह के 11 दिनों में चौथी बार एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आने से जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं। जिले में अब तक 17497 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17172 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है। जुलाई के 11 दिनों में कुल 15 नए पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 43 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत एक भी नहीं हुई है।

**जुलाई माह में कोरोना की चाल पर नजर**

| तारीख | मरीज मिले | स्वस्थ हुए | मौत | एक्टिव मरीज |
|---|---|---|---|---|
| 01 जुलाई | 001 | 018 | 00 | 0025 |
| 02 जुलाई | 001 | 010 | 00 | 0016 |
| 03 जुलाई | 000 | 003 | 00 | 0013 |
| 04 जुलाई | 004 | 000 | 00 | 0017 |
| 05 जुलाई | 004 | 001 | 00 | 0020 |
| 06 जुलाई | 003 | 002 | 00 | 0021 |
| 07 जुलाई | 001 | 003 | 00 | 0019 |
| 08 जुलाई | 000 | 003 | 00 | 0016 |
| 09 जुलाई | 000 | 001 | 00 | 0015 |
| 10 जुलाई | 001 | 001 | 00 | 0015 |
| 11 जुलाई | 000 | 001 | 00 | 0014 |

**आज व कल टीकाकरण नही**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि जिले में 12 जुलाई को किसी भी प्रकार का कोविड संबंधित टीकाकरण सत्र का आयोजन नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार 13 जुलाई को नियमित टीकाकरण होने से कोविड संबंधित टीकाकरण नहीं किया जाएगा।

**कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करें**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार जिले में कोरोना-19 को नियंत्रण करने के लिए कोविड अनुकूल व्यवहार अनिवार्य किया गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नागरिकों, दुकानदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठान मालिकों से सही तरीके से मास्क लगाने और शारीरिक दूरी का पालन अनिवार्य रूप से करने की अपील की है। उन्होंने दुकानों व सार्वजनिक स्थानों पर छह से अधिक लोग एकत्र नहीं होने देने को भी कहा है।

नई दुनिया
12-7-2021

# नेशनल लोक अदालत : राजस्व न्यायालयों के 1874 में से 1844 प्रकरण निपटाए

## 35 लाख संपत्तिकर और 12 लाख रुपए जल कर के जमा हुए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-7-21

शनिवार को जिला न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर राजस्व न्यायालयों में लंबित 1844 प्रकरणों का निराकरण हुआ। नगर निगम द्वारा सरचार्ज में छूट देने पर 35 लाख रुपए संपत्तिकर और 12 लाख रुपए जल कर के जमा हुए। इसी तरह श्रम न्यायालय में पांच प्रकरणों का निराकरण हुआ।

जिला रतलाम अंतर्गत राजस्व न्यायालय (तहसीलदार तथा अनुविभागीय अधिकारी) कार्यालयों में आयोजित लोक अदालत में राजस्व, फौजदारी, धारा 151, नामांतरण, बंटवारा,वसूली आदि के कुल 1874 प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखे गए जिनमें से 1844 प्रकरणों का आपसी सहमति से राजीनामे से निराकरण किया गया जिसमें लगभग 2800 व्यक्ति लाभान्वित हुए तथा 18 लाख 47 हजार रुपए की वसूली की गई। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया नेशनल लोक अदालत में नगर निगम के कर से जुड़े 736 मामलों का निपटारा हुआ। सरचार्ज में छूट का लाभ देते हुए निगम को 35 लाख रुपए संपत्तिकर और 12 लाख रुपए जलकर प्राप्त हुआ। संपत्तिकर के 220 प्रकरणों में 35 लाख रुपए तथा जलकर के 516 प्रकरणों में 12.14 लाख रुपए जलकर मिला। इसके अलावा आयुष्मान भारत निरामयम योजना में 89 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

## 4,147 प्रकरण निपटाए, बकाया व ब्याज पर 1.45 करोड़ की मिली छूट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लोक अदालत में बिजली कंपनी से संबंधित प्रकरणों का समझौते के माध्यम से निराकरण हुआ। 4,147 प्रकरणों का निराकरण किया गया। ये सभी इंदौर और उज्जैन क्षेत्र के प्रकरण हैं। 15 सर्कलों में कुल 44 स्थानों पर लोक अदालत लगी। इसमें 4,147 उपभोक्ताओं के प्रकरणों का निराकरण हुआ। लोक अदालत में कंपनी ने उपभोक्ताओं व उपयोगकर्ताओं को 1.45 करोड़ रुपए की नियमानुसार छूट दी। वहीं कंपनी को 5.90 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 तथा धारा 135 के तहत बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में लोक अदालत में समझौता हुआ।

रतलाम, उज्जैन, मंदसौर, नीमच, आगर, शाजापुर, देवास के कुल 2519 मामलों में समझौते से समाधान हुआ। इसी तरह इंदौर क्षेत्र में 1628 प्रकरण निराकृत हुए। प्री-लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी गई। प्री-लिटिगेशन स्तर पर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी। लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट प्रदान की गई।

12-7-2021

# नागरिक व दुकानदार कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करें

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम जिले में कोरोना 2019 संक्रमण को नियंत्रण करने हेतु कोविड अनुकूल व्यवहार अनिवार्य किया गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नागरिकों, दुकानदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठान मालिकों से अपील की है कि सही तरीके से मास्क

### लोक अदालत में -89 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये

# निगम को 47 लाख की राशि बकाया के रूप में प्राप्त हुई

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) राशि में छूट का लाभ लिया। इसमें निगम को 47 लाख की राशि बकाया के रूप में प्राप्त हुई।



नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय में आयोजित संपत्तिकर, जलकर शिविर के साथ आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार आयोजित किये गये शिविर का अवलोकन निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उपायुक्त विकास सोलंकी, प्रभारी कार्यपालन यंत्री सत्यप्रकाश आचार्य, एम.के. जैन, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह आदि के साथ कर बकाया राशि जमा करने व आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला न्यायालय व जलकर काउन्टर के बाहर आयोजित शिविर व नगर निगम कार्यालय में बकायादारों ने 220 प्रकरणों के तहत संपत्तिकर के 35 लाख रूपये तथा 516 प्रकरणों के तहत जलप्रदाय के 12 लाख 14 हजार 8 सौ 40 रूपये कुल राशि 45 लाख 14 हजार 8 सौ 40 रूपये जमा कराकर अधिभार (सरचार्ज) की राशि में छूट का लाभ लिया। आयुष्मान भारत ''निरामयम'' योजना अन्तर्गत रतलाम नगर के शेष रहे पात्र हितग्राहियों के अधिक से अधिक निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के तहत जिला न्यायालय परिसर में आयोजित विशेष शिविर में 89 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये।

स्वदेश 21
12-7-2021

**कोरोना से अछूता रहा प्रॉपर्टी बाजार** • रोज हो रही 70 से ज्यादा रजिस्ट्रियां, अच्छा रिटर्न मिलने की उम्मीद में अब लोगों का तेजी से प्रॉपर्टी में निवेश बढ़ा

# पुरानी गाइडलाइन से 28.50 फीसदी ज्यादा हुआ प्रॉपर्टी का कारोबार

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-7-21


लॉकडाउन के बाद लोगों का रुझान प्रॉपर्टी में निवेश की तरफ बढ़ने से इसमें जमकर सौदे हो रहे हैं। जून की बात करें तो लॉकडाउन के बावजूद जब प्रॉपर्टी बाजार में सौदे शुरू हुए हुए तो सारे रिकॉर्ड टूट गए। पिछले साल की तुलना में ज्यादा कारोबार हुआ व रजिस्ट्रार विभाग को 28.50% ज्यादा कमाई हुई है। लॉकडाउन के बाद प्रॉपर्टी बाजार में सौदे जारी है। इससे रजिस्ट्रार विभाग को रिकॉर्ड आय की उम्मीद है।

लॉकडाउन की वजह से अप्रैल और मई दो महीने तक रजिस्ट्रार विभाग बंद था। इसके बाद 1 जून से बाजार खुला तो इतना कारोबार हुआ कि प्रॉपर्टी सौदों के सारे रिकॉर्ड ही टूट गए। पिछले साल लॉकडाउन के बाद बाजार खुला तो जून महीने विभाग में रजिस्ट्रियों से आय 17 करोड़ रुपए हुई थी। वहीं इस साल जून महीने में विभाग को 22.74 करोड़ रुपए की कमाई हुई है। यानी पिछले साल से 28.50 फीसदी ज्यादा। प्रॉपर्टी बाजार में खूब सौदे हो रहे हैं और आज भी रजिस्ट्रार विभाग में 70 रजिस्ट्रियां रोज हो रही हैं।

**अन्य निवेश की तुलना में प्रॉपर्टी में ज्यादा रिटर्न :** रतलाम प्रॉपर्टी एसोसिएशन के राजकमल जैन ने बताया सोने की तुलना में प्रॉपर्टी में ज्यादा रिटर्न मिलता है। इससे रुझान प्रॉपर्टी में निवेश की तरफ ज्यादा रहता है। इस वित्तीय वर्ष में गाइडलाइन अब तक नहीं बढ़ी है। इससे भी निवेश बढ़ गया है।

## कोरोना काल और लॉकडाउन की दोहरी मार के बावजूद इसलिए प्रॉपर्टी में बढ़ने लगे सौदे

- हर साल गाइडलाइन एक अप्रैल से बढ़ती है लेकिन इस वित्तीय वर्ष में गाइडलाइन नहीं बढ़ना। इससे पिछले वित्तीय वर्ष की गाइडलाइन के आधार पर रजिस्ट्री होना।
- शहर में दो महीने लॉकडाउन रहा। ना तो शादियां हुई व ना ही अन्य आयोजन। इसका बचा हुआ पैसा लोगों द्वारा प्रॉपर्टी में निवेश करना।
- चार महीने से सोने के भाव स्थिर रहना। सोने के भाव 48 से 50 हजार रुपए प्रति दस ग्राम के आसपास ही हैं। जबकि प्रॉपर्टी बाजार में अच्छा रिटर्न मिलना। कई कॉलोनियों में तो एक साल में प्रॉपर्टी में 25 फीसदी का रिटर्न मिला है।
- गलियों और मोहल्लों की जगह पॉश कॉलोनियों की तरफ रुझान बढ़ा। नई टाउनशिप में गार्डन, चौड़ी सड़कें, बाउंड्रीवॉल, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा व्यवस्था होना।



## पिछले साल 135 करोड़ लक्ष्य के मुकाबले 143.50 करोड़ की आय हुई थी

- पिछले साल 2020 में लॉकडाउन के बाद जब विभाग खुला था तो जून में विभाग को 17 करोड़ की आय हुई थी। वहीं इस बार 28.50 करोड़ रुपए की आय हुई है।
- पिछले साल 2020 में रजिस्ट्रार विभाग को 135 करोड़ का लक्ष्य मिला था। 143.50 करोड़ रुपए की आय हुई थी। यानी टारगेट से 8.50 करोड़ रुपए ज्यादा मिले थे।
- इस बार विभाग को 161 करोड़ रुपए का टारगेट मिला है। चूंकि बाजार में इस बार अच्छा कारोबार हो रहा है। इससे यह रिकॉर्ड टूटने की उम्मीद है।

## यहां विकसित हो रही हैं नई टाउनशिप

| | | | |
|---|---|---|---|
| महू रोड फोरलेन पर धराड़ के पहले | 1 | त्रिवेणी रोड | 1 |
| बंजली रोड | 1 | ढकाला रोड | 1 |
| होमगार्ड कॉलोनी | 1 | दीनदयालनगर के पास | 2 |

## जून महीने में पिछले साल की तुलना में 28 फीसदी ज्यादा राजस्व प्राप्त हुआ

जिला पंजीयक प्रभात वाजपेयी ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में लॉकडाउन के बावजूद हमने लक्ष्य से ज्यादा राजस्व हासिल किया था। इस बार भी लोगों का रुझान दस्तावेज पंजीयन की तरफ अच्छा बना हुआ है। इससे जून में विभाग को रिकॉर्ड तोड़ आय हुई है। इस बार भी लक्ष्य से ज्यादा राजस्व आने की उम्मीद है। प्रॉपर्टी की डिमांड लगातार बनी हुई है।

| | |
|---|---|
| पिछले साल जून में रजिस्ट्री | 3,325 |
| इस साल जून में | 3,404 |
| पिछले साल जुलाई में रजिस्ट्री | 3000 |
| अब तक जुलाई में | 1160 से ज्यादा |

12-7-2021

अर्जुन नगर पहुंचा निगम का दल

12-6-21

# दिसंबर में हटाया था अतिक्रमण, सात माह बाद फिर से याद आया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के अर्जुन नगर में नगर निगम का दल दोपहर बाद पहुंचा। इस दौरान अवैध ईंट भट्टे को हटवाया गया व भूमि का सिमांकन कार्य किया गया। यहां पर निगम की विभिन्न योजनाओं में स्वीकृति हुई है जो निर्माण कार्य होना है। दिसंबर 2020 में यहां से कुछ अतिक्रमण निगम ने हटाया था, इसके साथ सात माह बाद फिर दल को याद आई तो बाकी का अतिक्रमण हटाया गया है।

नगर निगम के विकास शाखा की कई योजनाओं में निर्माण होना है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगम पहुंचकर समीक्षा की थी तो अवैध ईंट भट्टे के बारे में बताया गया था। कलेक्टर ने सीमांकर करने को कहा था। आयुक्त झारिया की उपस्थिति में निगम के राजस्व विभाग व लोकनिर्माण विभाग के इंजीनियरों ने किया। निगम आयुक्त झारिया ने मौके पर भूमि के नक्शे का अवलोकन कर सीमांकन का कार्य शुरु करवाया। इसके साथ ही भूमि पर एकत्रित मिट्टी को समतलीकरण करवाने के साथ ही ईंट के भट्टे की अन्य सामग्री को हटवाया। उन्होंने कहा कि सीमांकन का कार्य निरंतर जारी रखा जाये तथा पोल लगाने व ग्रीन नेट लगाने का कार्य सिमांकन के बाद किया जाए।

बता दे की दिसम्बर 2020 में अर्जुन नगर में नगर निगम विकास शाखा की भूमि पर किये अतिक्रमण को हटाकर भूमि को कब्जे में लेने की कार्यवाही निगम आयुक्त झारिया की उपस्थिति में हुई थी। यहां की भूमि 1982 में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना का हिस्सा है जिस पर करे गए अतिक्रमण को हटाकर निगम द्वारा कब्जे में लिया गया था। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, सत्यप्रकाश आचार्य, एमके जैन, विकास मरकाम, दीक्षा निजामपुरकर, राजस्व निरीक्षक मेहरबान सिंह, पटवारी अर्जुन सिंह आदि उपस्थित थे।

पत्रिका 12-7-2021



# अर्जुन नगर भूमि का सीमांकन किया

12

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम के निर्देशानुसार नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना की भूमि व शासकीय भूमि के सीमांकन का कार्य निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में कलेक्टर कार्यालय के राजस्व विभाग व निगम इंजीनियरों के द्वारा किया गया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने मौके पर भूमि के नक्शे का अवलोकन कर सीमांकन का कार्य प्रारंभ करवाया साथ ही भूमि पर एकत्रित मिट्टी को समतलीकरण करवाने के साथ ही ईंट के भट्टे की अन्य सामग्री को हटवाया। उन्होंने निर्देशित किया कि सीमांकन का कार्य निरंतर जारी रखा जाये तथा पोल लगाने व ग्रीन नेट लगाने का कार्य प्रारंभ किया जाये पुरी तरह से सीमांकन के बाद तार फेंसिंग का कार्य किया जाये।

ज्ञातव्य है कि दिसम्बर 2020 में अर्जुन नगर में नगर निगम विकास शाखा की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर भूमि को कब्जे में लेने की कार्यवाही निगम आयुक्त के निर्देशन मे की गई थी। उक्त भूमि 1982 में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना का हिस्सा है जिस पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर निगम द्वारा कब्जे में लिया गया था।

इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, एम.के. जैन, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री श्री विकास मरकाम, दीक्षा निजामपुरकर, राजस्व निरीक्षक श्री मेहरबान सिंह, पटवारी अर्जुन सिंह आदि उपस्थित थे।

12-7-2021

# निगम आयुक्त झारिया के निर्देशन में अर्जुन नगर भूमि का सीमांकन

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम के निर्देशानुसार नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना की भूमि व शासकीय भूमि के सीमांकन का कार्य निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में कलेक्टर कार्यालय के राजस्व विभाग व निगम इंजीनियरों के द्वारा किया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने मौके पर भूमि के नक्शे का अवलोकन कर सीमांकन का कार्य प्रारंभ करवाया साथ ही भूमि पर एकत्रित मिट्टी को समतलीकरण करवाने के साथ ही ईंट के भट्टे की अन्य सामग्री को हटवाया। उन्होंने निर्देशित किया कि सीमांकन का कार्य निरंतर जारी रखा जाए तथा पोल लगाने व ग्रीन नेट लगाने का कार्य प्रारंभ किया जाए पूरी तरह से सीमांकन के बाद तार फेंसिंग का कार्य किया जाए। ज्ञातव्य है कि दिसम्बर 2020 में अर्जुन नगर में नगर निगम विकास शाखा की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर भूमि को कब्जे में लेने की कार्यवाही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में की गई थी।

12-7-2021

# 47 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे को प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। रविवार को 47 टन कचरा पहुंचाया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्रॉली से 25800, काम्पेक्टर सूखा कचरा 11440, काम्पेक्टर गीला कचरा 10470, मैजिक से 230 किलो इस तरह कुल 47940 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नई दुनिया